卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 116 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦31 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा नया भारत: राष्ट्रपति

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। राष्ट्रपति के बजट भाषण के साथ संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना पहला अभिभाषण दिया। साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आर्थिक सर्वे पेश किया। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण के दौरान सरकार की कई उपलब्धियों की चर्चा कीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शांति तभी संभव है, जब आप राजनीतिक और सैन्य रूप से सक्षम होंगे, इसलिए भारत अपनी सैन्य शक्ति



को भी आधुनिक करने पर जोर दे रहा है। पूरी दुनिया इस वक्त भारत की ओर उम्मीद से देख रही है। भारत का लोकतंत्र हमेशा से समृद्ध था। एक राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान अमर थी, अमर है और आगे भी अमर रहेगी। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम मुश्किल लक्ष्य रखें और उन्हें हासिल कर के दिखाएं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि अफगानिस्तान और यूक्रेन जैसे देशों में संकट में फंसे अपने नागरिकों को वापस लेकर आए हैं। भारत ने आतंकवाद को लेकर जो कड़क रुख अपनाया है, उसे (शेष पृष्ठ सात पर)

## गंगा तट पर सैर को निकले विराट-अनुष्का

### प्रशंसकों के साथ खिंचवाये फोटो, आश्रम में संतों से लिया आशीर्वाद

ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का इन शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आध्यात्मिक गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के ऋषिकेश स्थित आश्रम में पहुंचे। यहां साथ गंगा तट पर स्थित आस्था पथ पर सुबह की सैर के लिए निकले। सुबह-सुबह भ्रमण पर आने वाले कुछ





दिनों योगनगरी ऋषिकेश में हैं। सोमवार को विराट कोहली अपनी मां सरोज कोहली और पत्नी अभिनेत्री अनुष्का उन्होंने गुरु की समाधि पर पुष्प अर्पित कर ध्यान लगाया। मंगलवार की सुबह करीब 4:30 बजे विराट कोहली अनुष्का के लोगों ने उन्हें पहचान लिया। इस दौरान आसपास विराट के आगमन की खबर फैल गई। करीब (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी को भगा ले गया युवक

काशीपुर।किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज करते हुए गायब बच्ची का पता लगाना शुरू कर दिया। पुलिस को तहरीर देकर प्रतापपुर चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि बीते 14 जनवरी को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को ग्राम रामजीवनपुर आरटीसी हेमपुर निवासी संजय उर्फ राजकुमार नामक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के लगभग पखवाड़े पर बाद आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया।

## तीन मकानों में भड़की आग,लाखों की क्षति

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)।जिले के बड़कोट में देर रात्रि तहसील के राना गांव में तीन आवासीय मकानों में आग लग गई। सूचना पर रात को ही पुलिस व फायस सर्विस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। जिसने ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक मकानों में रखा सारा खाद्यान्न व घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। विकास खंड नौगांव का राना गांव यमुनोत्री धाम से लगी गीठ पट्टी में स्थित हैं। यहां सोमवार रात करीब डेढ़ बजे गांव के बीचोंबीच अचानक आवासीय मकानों में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने तीन



मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान गांव के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास के साथ घटना की सूचना पुलिस व फायर सर्विस को दी। जिस पर रात को ही फायर सर्विस की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई थी। जिसने गांव वालों के साथ कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया और आग को अन्य मकानों में फैलने से रोक लिया गया। हालांकि तब तक इन तीनों आवासीय मकानों में रखा खाद्यान्न व घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था।अग्निकांड में गांव के राजेंद्रसिंह, सोवेंदर सिंह व भरत सिंह का मकान जल कर राख हो गया है। जबकि एक अन्य मकान भी आंशिक रुप से प्रभावित हुआ।आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।हालांकि शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से क्षति का आंकलन कर प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सरसों खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास रोड बीएलईएल फैक्ट्री के पास सरसों के खेत में अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह किच्छा बाई पास रोड बीएचइएल के पास एफएसएल को जाने वाले मार्ग एक राहगीर जा रहा था। वह शौच के लिए पास में ही सरसों के खेत में पहुंचा तो उसे एक लाश दिखाई दी। उसने आसपास के लोग को सूचना दी। इस पर लोग एकत्र हो गए। सूचना पर कोतवाल विक्रम राठौर, रम्पुरा चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि मृतक करीब 30 से 35 साल के आसपास का है। शव एक-दो दिन पुराना लग रहा है और जानवर ने उसके पेट से सिर तक बुरी तरह नोंच रखा है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास के क्षेत्रों में लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। आसपास के थाना और चौकी पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

## एआरटीओ कार्यालय में छापा,मचा हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने आज एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उनके निरीक्षण की भनक लगते ही कार्यालय के बाहर जमा रहने वाले अधिकांश दलाल पहले ही खिसक कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उसके बाद आरटीओ सैनी ने कार्यालय के बाहर खड़े लोगो से भी पूछताछ की। जहां उन्होंने सड़क के किनारे खड़ी कार की





लिया। छापे के दौरान आरटीओ ने कार्यालय के बाहर दलाल के कागजात भी जब्त किये। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी मंगलवार एआरटीओ चुके थे। निरीक्षण से कार्यालय में हड़कम्प मच गया। इस दौरान आरटीओ सैनी ने कार्यालय के विभिन्न पटलों में कामकाज का जायजा लिया और लंबित तलाशी ली तो उस कार से भारी संख्या में लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी बरामद हुयी। पूछताछ पर कार का ड्राइवर कोई (शेष पृष्ठ सात पर)

## पड़ोसियों की पिटाई से महिला की मौत

### मामूली बात पर हुई थी झड़प, पति पत्नी और पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला हजरत नगर काली बस्ती में सोमवार शाम मामूली बात पर पड़ोसियों ने एक महिला की बेरहमी से पिटाई करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने जाते-जाते धमकाया कि यदि मुंह खोला तो परिवार के अन्य सदस्यों को भी मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को



तहरीर देकर मोहल्ला अल्ली खां, काली बस्ती हजरत नगर निवासी नसीम अहमद पुत्र तस्लीम अहमद ने बताया कि गत सोमवार की शाम 4:45 बजे के करीब ढेला बस्ती निवासी उसके रिश्तेदार मिलने के लिए उसके घर आ रही थे इस दौरान पड़ोस में रहने वाले आरिफ नामक व्यक्ति का हाथ उनके मोटरसाइकिल पर लग गया इसी बात को लेकर दोनों के बीच झड़प होने लगी। आसपास के लोगों द्वारा समझाने पर उस वक्त आरिफ शांत हो गया लेकिन कुछ देर बाद आरोप है कि वह पिता मीरू व मां शमशीदा को साथ लेकर उसके घर आ धमका(शेष पृष्ठ 7 पर)




**रस्म पगड़ी/उठावनी**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य **श्री मदन लाल सुखीजा जी** का स्वर्गवास दिनांक 29 जनवरी 2023 को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति हेतु **उठाला 1 फरवरी 2023 दिन बुधवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक पांच मंदिर, रूद्रपुर में होगा।

**शोकाकुल परिवार**

धर्मवीर-राजरानी सुखीजा (भाई-भाभी)
त्रिलोक-मधु सुखीजा (भाई-भाभी)
सतीश-नीरा सुखीजा (भाई-भाभी)
मुकेश, किरन, रोमी, अमित, नितिन,
निमिशा, ज्योती, नितिका (भतीजे/भतीजी)
सुभाष कालड़ा,रमेश कालड़ा,
राजीव अरोड़ा(सालेगण)

**श्रीमती लीलावंती सुखीजा ( पत्नी )**
संदीप-प्रिया सुखीजा (पुत्र-पुत्रवधु))
अतुल-मीनू कोहली (दामाद-पुत्री)
नलिन-नीरू खेड़ा (दामाद-पुत्री)
कनक, नील, मिली,
नाइली, स्वपनिल (नाती/पोते)

ifr"Bku% jkt dyD'ku] Vkd vkQ n Vkmu] x| : }kjk jkM
eu ekdsV] : nzij] ek-7417044215] 8791000582


## नाबालिग से रेप का आरोपी एटा से गिरफ्तार

सितारगंज (उद संवाददाता)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और उसके बाद उसके अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी के आरोपी को पुलिस ने एटा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। बीती 10 जनवरी को क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बहन अपने दोस्त से मिलने मथुरा गयी थी। वहां पर अंकित तिवारी पुत्र महेश तिवारी निवासी कुसुमवाटिका आर एस पब्लिक स्कूल के सामने विकास नगर कालोनी थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा ने नाबालिग को बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। नाबालिग जब घर लौटी तो वह परेशान रहने लगी। कारण पूछने पर उसने पूरी बात बताई। आरोप है कि इसके बाद अंकित तिवारी नाबालिग को फिर अपने पास बुलाने लगा और नहीं आने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। गिरफ्तारी के लिए गठित की गयी (शेष पृष्ठ सात पर)

## साथियों संग मिलकर कलयुगी पुत्र ने पिता की उंगली और गुप्तांग रेता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कलयुगी पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर अपने ही पिता की उंगली व गुप्तांग काटकर बुरी तरह लहूलुहान करते हुए निर्जन स्थान पर लावारिस छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर भुक्तभोगी के पुत्र समेत तीन को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी किशन बहादुर पुत्र स्वर्गीय दिल बहादुर ने बताया कि 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस की शाम लगभग 7 बजे उसके पुत्र अर्पित थापा ने उपरोक्त मोहल्ला निवासी रोहित वर्मा पुत्र मदन वर्मा, राहुल सैनी निवासी उपरोक्त तथा एक अज्ञात युवक के साथ आपस में हमसाज होकर लकड़ी काटने वाले पाटल से अचानक उस पर हमला कर दिया। इस दौरान जब हुआ अचेत हो गया तो एक ने उसका मुंह दबाया तथा बाकी के तीन ने मिलकर हाथ पैर जकड़ लिए।उपरोक्त चारों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# निजी भवन में संचालित होंगे मारवाड़ी के दो स्कूल

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पानी-बिजली के बिल माफ, श्रमिकों को दो हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता,सात विद्यालयों में बनाए गए अस्थायी राहत कैंप

देहरादून(उद संवाददाता)। सरकार ने जोशीमठ के उन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बड़ी राहत हुए ऐसे प्रभावित प्रतिष्ठानों के छह माह तक के पानी व बिजली के बिल माफ होंगे। आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा ने बैठक में लिए गए निर्णयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी साझा की। जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के छह माह तक के पानी व बिजली के बिल माफ करने का सरकार ने निर्णय लिया था। साथ ही अस्थायी रूप से पुनर्वासित परिवारों का रोजगार प्रभावित होने के मद्देनजर प्रति परिवार के दो सदस्यों को मनरेगा के लिए तय दरों के आधार पर सहायता राशि देने का निश्चय किया गया था। इसमें व्यावसायिक प्रतिष्ठान व उनके कार्यरत श्रमिकों से संबंधित विषय छूट गए थे। आपदा प्रबंधन सचिव के अनुसार उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में इन विषयों पर भी विमर्श किया गया और ऐसे व्यक्तियों को भी सरकार के निर्णय का लाभ देने पर मुहर लगाई गई। उन्होंने बताया कि आपदा की जद में आए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को उसी तरह सहायता राशि दी जाएगी, जैसी कोविड-19 के समय दी गई थी। चमोली के डीएम को इस संबंध में जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। डा. सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ में जो छोटी दुकानें अथवा होटल आपदा की जद में आए हैं, उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा। यह विकल्प भी रखा गया है कि ऐसे दुकान स्वामियों को उन स्थानों पर 15 वर्ग मीटर में दुकानें अथवा भूमि दी जाएगी, जहां प्रभावितों का पुनर्वास किया जाएगा। संबंधित दुकान स्वामियों की सहमति से इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। जोशीमठ में एक फरवरी से विद्यालयों को खोलकर शैक्षणिक कार्य शुरू कराने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए प्रशासन के साथ ही शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने सभी स्कूलों का निरीक्षण कर दिया है। जिन सुरक्षित विद्यालयों में राहत कैंप बनाए गए हैं, वहां रहने वाले प्रभावितों को दूसरी जगह कैंप में शिफ्ट कर कैंप हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, आपदा से क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय मारवाड़ी के 33 छात्र-छात्राएं व जूनियर हाईस्कूल मारवाड़ी के 13 छात्र-छात्राओं की व्यवस्था किराये के एक निजी भवन में की गई है। जबकि क्षतिग्रस्त हुए एक निजी स्कूल आदर्श बाल विद्या मंदिर के छात्रों के लिए संस्कृत महाविद्यालय में कक्षा कक्ष उपलब्ध करवा दिया गया है।

सोमवार को शिक्षा विभाग व तहसील प्रशासन ने संयुक्त बैठक कर आपदा से क्षतिग्रस्त हुए विद्यालयों को दूसरे सुरक्षित भवनों में शिफ्ट किए जाने का निर्णय



लिया। विद्यालयों में बनाए गए राहत कैंपों में रह रहे आपदा प्रभावितों व आपदा राहत कार्य में लगे कर्मियों को अन्य जगह शिफ्ट कराया जा रहा है। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने कहा कि सभी सरकारी व गैरसरकारी प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल व इंटर कालेज के प्रधानाचार्यों के साथ स्कूलों की स्थिति को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान आपदा में क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय मारवाड़ी व जूनियर हाईस्कूल मारवाड़ी को लेकर निर्णय लिया गया कि इन विद्यालयों में पठन पाठन शुरू करना खतरे से खाली नहीं है। इन दोनों विद्यालयों को पास के ही एक निजी सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर पठन-पाठन शुरू कराया जाएगा। आदर्श बाल विद्या मंदिर के छात्रों के लिए भी संस्कृत महाविद्यालय में व्यवस्था की गई है। बैठक में संस्कृत महाविद्यालय में बनाए गए आपदा राहत शिविर में उपयोग किए जा रहे कक्षा कक्षों को खाली करवाकर इसी परिसर में खाली पड़े दूसरे कक्षों में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी कुमकुम जोशी ने कहा कि इंटर कालेज जोशीमठ, बालिका इंटर कालेज जोशीमठ सहित पैनी विद्यालय सहित अन्य विद्यालय भवनों में राहत कैंप में रह रहे प्रभावितों व राहत कार्यों में जुटे कर्मचारियों और श्रमिकों को अन्यत्र शिफ्ट किया जा रहा है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। बैठक में विद्यालयों को जाने वाले पैदल रास्तों सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रशासन के साथ ही शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने सभी जगह का निरीक्षण कर दिया है। नगर के सभी सरकारी, निजी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य, प्राचार्यों से समस्याओं को लेकर विचार विमर्श कर लिया गया है। प्रशासन ने भी विद्यालयों के आपदा में किए जा रहे उपयोग को खाली करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी डा. भाष्कर बेबनी, तहसीलदार रवि शाह सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।जोशीमठ में विभिन्न स्तरों के कुल 29 विद्यालय संचालित होते हैं। जिनमें सात विद्यालयों में बनाए गए अस्थायी राहत कैंपों में करीब 450 लोग रह रहे हैं। इनमें 1495 छात्र-छात्राए अध्ययनरत हैं।फिलहाल आपदा में क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय मारवाड़ी व जूनियर हाईस्कूल मारवाड़ी और आदर्श बाल विद्या मंदिर को अन्यत्र भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। क्योंकि इन विद्यालयों में पठन पाठन शुरू करना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन व शिक्षा विभाग ने इन दोनों विद्यालयों को शिफ्ट करने का निर्णय लिया। मारवाड़ी क्षेत्र के क्षतिग्रस्त दो विद्यालय की व्यवस्था पहले लगभग 12 किमी दूरी पर स्थित अन्य विद्यालय में की जा रही थी। लेकिन, दूरी अधिक होने के कारण प्रशासन को मारवाड़ी के समीप ही एक निजी किराये के सुरक्षित भवन में इन छात्रों की व्यवस्था करनी पड़ी। पहले प्रशासन के पास यह भी सुझाव आया था कि मारवाड़ी क्षेत्र के छात्रों को लाने व ले जाने के लिए निशुल्क यातायात की व्यवस्था की जाएगी।

# हाकम सिंह और संजीव कुमार को मिली जमानत

देहरादून। विशेष न्यायाधीश सतर्कता अधिष्ठान बृजेंद्र सिंह की अदालत ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (बीपीडीओ-2016) भर्ती घोटाले के आरोपित व नकल माफिया हाकम सिंह रावत और आरएमएस टेक्नो सोल्यूशन कंपनी के मालिक राजेश कुमार के भाई संजीव कुमार चौहान को जमानत दे दी है। हालांकि, दोनों आरोपितों के खिलाफ कई अन्य मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए वह अभी जेल में ही रहेंगे। हाकम सिंह ने अपने अधिवक्ता आरिफ बेग के माध्यम से कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। अधिवक्ता आरिफ बेग ने कोर्ट को बताया कि उत्तरकाशी के लिवाड़ी निवासी हाकम सिंह का यह प्रथम जमानत प्रार्थनापत्र है। उसे झूठा फंसाया गया है। वह सरकारी कर्मचारी नहीं है और न ही कभी उत्तराखंड सेवा चयन आयोग से उसका कोई सरोकार रहा है। उसे बिना किसी आधार के आरोपित बनाया गया है। जिन छात्रों को गवाह बनाया गया है, उनका प्रार्थनापत्र दाखिल नहीं किया गया है। इसके साथ ही आरोपित से केस से जुड़ी किसी सामान की बरामदगी नहीं हुई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशुतोष (दांडिक) की ओर से दलील दी गई कि आरोपित के विरुद्ध परीक्षा संबंधित प्रकरणों में मुकदमे दर्ज हैं, जो विचाराधीन हैं। ऐसे में यदि उसे जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर साक्ष्यों को नष्ट कर सकता है। मामले की प्रकृति गंभीर है, इसलिए प्रार्थनापत्र निरस्त किया जाए। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने हाकम को 50 हजार रुपये के बंधपत्र व दो जमानती प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी किए। बीपीडीओ भर्ती मामले में कोर्ट ने आरएमएस टेक्नो सोल्यूशन कंपनी के मालिक राजेश कुमार के भाई संजीव कुमार चौहान को जमानत पर रिहा कर दिया है। संजीव कुमार के अधिवक्ता आरिफ बेग ने कोर्ट को बताया कि उसे मुकदमे में झूठा फंसाया गया है। उससे केस से जुड़ा कोई सामान बरामद नहीं हुआ है। शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि आरोपित संजीव ने अपने भाई राजेश कुमार की कंपनी आरएमएस टेक्नो सोल्यूशंस व आयोग के कार्मिकों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट में गड़बड़ियां की हैं। आरोपित के विरुद्ध परीक्षा से संबंधित प्रकरणों में मुकदमे दर्ज हैं, जो विचाराधीन हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद संजीव कुमार चौहान को 50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र व दो जमानती प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा कर दिया।

# जी-20 समिट की तैयारियों के लिये शासन ने बनाए 14 नोडल अफसर

देहरादून। मई और जून में होने जा ररी जी-20 समिट की तैयारियों को परखने, अनुभव करने के लिए प्रदेश के 14 अफसरों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह 30 जनवरी से नौ फरवरी के बीच चंडीगढ़, जोधपुर, कच्छ और बंगलुरू में होने वाले आयोजनों की तैयारियों को देखकर खाका तैयार करेंगे। सचिव विनोद कुमार सुमन की ओर से विदेश मंत्रालय को भेजे पत्र में इन अफसरों की सूची भी भेजी गई है। डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत को जोधपुर, डीआईजी पी रेणुका देवी को चंडीगढ़, पीडब्ल्यूडी के एसई एनपी सिंह को चंडीगढ़, अपर सचिव देव कृष्ण तिवारी व उद्योग विभाग के उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार को कच्छ। उद्योग निदेशक एससी नौटियाल, उप निदेशक विपिन कुमार, जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के प्रधान सहायक दिगपाल सिंह रावत, संयुक्त निदेशक सूचना केएस चौहान को जोधपुर, उप निदेशक डॉ. एमएस सजवाण, उप निदेशक सूचना मनोज कुमार श्रीवास्तव व उद्योग केंद्र टिहरी के प्रधान सहायक ओमप्रकाश जोशी को बंगलुरू, उत्तराखंड आवास एवं विकास प्राधिकरण के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश पांडेय व नगर व ग्राम विभाग नियोजन विभाग के हरिशंकर बिष्ट को चंडीगढ़ और जोधपुर भेजा जा रहा है।

# पुलकित आर्य के नार्को टेस्ट पर रोक

नैनीताल । हाई कोर्ट ने पौड़ी गढ़वाल की ऋषिकेश के चीला क्षेत्र में संचालित रिसॉर्ट की रिसेप्शनिष्ट की हत्या मामले में मुख्य आरोपित पुलकित आर्य के नार्को टेस्ट पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा की एकलपीठ ने इस मामले में सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। कोटद्वार की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम भावना पाण्डे ने दस जनवरी को इस चर्चित हत्याकांड के अभियुक्त पुलकीत आर्य के नार्को टेस्ट के आदेश पारित किए थे। पहली से तीन फरवरी को आरोपित पुलकीत का फार्रेंसिक साइंस लैब दिल्ली में टेस्ट होना था। इसी बीच पुलकीत ने याचिका दायर कर निचली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी। आरोपित का कहना था कि उसे नार्को टेस्ट के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग का आधार दिया। जबकि सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा कि खुद याचिकाकर्ता ने ही इसकी सहमति प्रदान की थी। आरोपित को इस तरह से छूट नहीं दी जा सकती।

# यात्री वाहनों के परमिट में पोर्टेबल डस्टबिन रखना व वीएलटीडी अनिवार्य

देहरादून। दूसरे राज्यों से उत्तराखंड आने वाले यात्री वाहनों में यह चीज रखना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसा न करने पर चालान के साथ ही अन्ध्य कार्रवाई की जाएगी। नैनीताल उच्च न्यायालय के आदेश पर समस्त यात्री वाहनों में पोर्टेबल डस्टबिन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) की अनिवार्यता भी कर दी गई है। यह दोनों निर्णय अब परमिट की शर्त में जोड़ दिए गए हैं। उत्तराखंड में आने वाले दूसरे राज्यों के वाहनों को भी इस शर्त का अनुपालन करना होगा। यह फैसला दून संभाग की परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में सोमवार को लिया गया। स्वच्छता व सुरक्षा के मद्देनजर नैनीताल उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष यात्री वाहनों में पोर्टेबल डस्टबिन एवं वीएलटीडी लगाने के आदेश दिए थे। परिवहन विभाग को इस आदेश का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। सोमवार को संभागीय परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष गढ़वाल मंडलायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता एवं प्राधिकरण के सचिव आरटीओ प्रशासन सुनील शर्मा की मौजूदगी में हुई बैठक में समस्त नए व पुराने यात्री वाहनों के परमिट में डस्टबिन व वीएलटीडी अनिवार्य कर दिया गया। आरटीओ शर्मा ने बताया कि नए यात्री वाहनों का तब तक पंजीकरण नहीं होगा, जब तक उनमें पोर्टेबल डस्टबिन एवं वीएलटीडी नहीं लगा होगा। इसी तरह से यह शर्त पूरी नहीं करने पर पुराने वाहनों का फिटनेस नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। संभाग के सभी एआरटीओ को इस शर्त का पालन कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अगर चेकिंग में बाहर से आने वाले यात्री वाहनों की में डस्टबिन व वीएलटीडी नहीं मिला तो उनका चालान व परमिट की शर्तों के विरुद्ध आरोपों में कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड की झांकी को देश में मिला पहला स्थान

## उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य करने में पिथौरागढ़ के भीम राम के दल के 16 कलाकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा,सीएम धामी ने दी बधाई

देहरादून। गणतंत्र दिवस परेड को अभी तक राजपथ के नाम से जाना जाता था, किंतु इस वर्ष उसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ रखा गया है। नाम बदलने के बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की यह पहली परेड थी, जिसमे उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश मे प्रथम स्थान मिलने से इतिहास में उत्तराखंड राज्य का नाम दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सबके लिए गौरवशाली पल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में गढ़वाल का केदारखंड और कुमाऊं का मानसखंड के रूप में वर्णन किया गया है। स्कंदपुराण में मानसखंड के बारे में बताया गया है। जागेश्वर मंदिर की बहुत धार्मिक मान्यता है। प्रधानमंत्री ने हमेशा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की बात कही है। "मानसखण्ड" मंदिर माला मिशन के तहत चार धाम की तर्ज पर कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है। भारत सरकार को भेजे गए झांकी का विषय/टाइटिल ष्मानसखंडष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था। उन्होंने मंदिर माला मिशन के अंतर्गत मानसखंड के रूप में इस विषय का सुझाव दिया था। झांकी निर्माण की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब दिल्ली कैंट में झांकी का निर्माण किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झांकी का निरीक्षण करते हुए झांकी को उत्कृष्ट एवं राज्य की संस्कृति के अनुरुप निर्माण के लिये सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक/ नोडल अधिकारी के एस चौहान को निर्देश दिए थे तथा झांकी के कलाकारों से मिलकर उनको शुभकामनाएं भी दी थीं। गढ़वाल की चारधाम यात्रा की भांति सरकार कुमाऊं




में मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पर्यटन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं इसी के दृष्टिगत प्रसिद्ध पौराणिक जागेश्वर धाम को दिखाया गया था। उत्तराखंड का प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क, बारहसिंगा, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तूरी मृग, गोरल, देश की राष्ट्रीय पक्षी मोर जो उधमसिंह नगर में पाई जाती है, उत्तराखंड के प्रसिद्ध पक्षी घुघुती, तीतर, चकोर, मोनाल आदि, तथा उत्तराखंड की प्रसिद्ध ऐपन कला को प्रदर्शित किया गया था। झांकी के आगे और पीछे उत्तराखंड का नाम भी ऐपन कला से लिखा गया था। जागेश्वर धाम के मंदिर घनघोर देवदार के वृक्षों के बीच में है। इसलिए झांकी में मंदिर के आगे और पीछे घनघोर देवदार के वृक्षो का सीन तैयार किया गया था। टीम लीडर संयुक निदेशक के एस चौहान के नेतृत्व में झांकी में उत्तराखंड की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य करने में पिथौरागढ़ के भीम राम के दल के 16 कलाकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही योग भूमि भी कहा जाता है। झांकी के ऊपर योग करते हुए बारु सिंह और अनिल सिंह ने योग करते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सितंबर माह में भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं मंत्रालयों से प्रस्ताव मांगे जाते हैं।अक्टूबर तक राज्य सरकारें विषय का चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजती है। उसके बाद भारत सरकार प्रस्तुतिकरण के किये आमंत्रित करती है। पहली बार की मीटिंग में विषय के आधार चार्ट पेपर में डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करना होता है। आवश्यक संशोधन करते हुए तीन बैठकें डिजाइन निर्माण के सन्दर्भ में होती हैं जिन प्रदेशों के डिजाइन कमेटी को सही नही लगते हैं उनको शार्टलिस्ट कर देती है। उसके बाद झांकी का मॉडल बनाया जाता है। मॉडल के बाद थीम सॉग 50 सेकंड का जो उस प्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करता हो तैयार किया जाता है। इस प्रकार जब सभी स्तर से भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति संतुष्ट हो जाती है तब झांकी का अंतिम चयन किया जाता है।

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**अरोरा डेन्टल केयर**
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# शहर के चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था रामभरोसे

## टांडा उज्जैन व चीमा चौराहे पर कभी भी घटित हो सकते हैं हादसे

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने में ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह फेल साबित हुई। आलम यह है कि काशीपुर में जाम के जाम से जूझ रहे अधिकारियों को स्वयं वाहनों से उतर कर यातायात व्यवस्था संभाल नहीं पड़ रही है। बदतर यातायात व्यवस्था के कारण दुर्घटनाओं में भी लगातार इजाफा होते देखा जा रहा है लेकिन उच्चाधिकारी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठा रहे। ज्ञातव्य है कि लंबे अरसे से काशीपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से सीपीयू की सक्रियता के कारण लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली लेकिन इसके बावजूद समस्या से उन्हें निजात नहीं मिल पा रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस बारे में जब जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो वह फ्लाईओवर निर्माण को लेकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि फ्लाईओवर बनने के बावजूद शहर के लोगों को जाम से



दिन भर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम का सबसे बड़ा केंद्र टांडा उज्जैन तथाचीमा चौराहे रेलवे क्रासिंग है। मजे की बात यह है कि टांडा उज्जैन में जिस स्थान पर भीषण जाम लगते देखा जाता है यही अधिकारियों के आवास है और यही कुछ दूरी पर पुलिस चौकी भी है। आज तो गजब ही हो गया जब तहसीलदार युसुफ अली को खुद चीमा चौराहे और पुरानी अनाज मंडी के तिराहे पर यातायात व्यवस्था संभालनी पड़ी। दरअसल क्रासिंग बंद होने के बाद यहाँ बेतरतीब खड़े वाहन इसका सबसे बड़ा कारण है। दायें और बांये दोनों तरफ छोटे बड़े वाहनों के खड़े हो जाने से यातायात पूरी तरह अनियंत्रित हो जाता है। अक्सर चौराहे पर खड़े होने वाले सीपीयू व ट्रैफिक पुलिस के सिपाही आड़े तिरछे खड़े होने वाले वाहनों पर कोई नियंत्रण कर पाने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं। भयंकर जाम से रूबरू होने के बाद तहसीलदार युसुफ अली को अपनी सरकारी गाड़ी से उतरकर यातायात व्यवस्था की कमान संभालनी पड़ी। जबकि यह काम पुलिस व सीपीयू का है। यातायात व्यवस्था के अनियंत्रित होने का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि तहसीलदार स्वयं यातायात को नियंत्रित कर जाम खुलवाते देखे गये। कुल मिलाकर शहर की यातायात व्यवस्था रामभरोसे चल रही है।

# सतगुरु एवं शिष्य का सम्बंध एक दिव्य यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा रुद्रपुर स्थित आश्रम में दिव्य समाधि मासिक भंडारा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सर्व श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी रबिया भारती ने अपने विचारों में कहा कि एक सतगुरु एवं शिष्य का संबंध कभी साधारण नहीं होता।ना ही बाहरी होता है यह संबंध तो एक दिव्य यात्रा है।जो सतगुरु शिष्य को पाने के लिए करता है। जन्मों-जन्मों से प्रयासरत शिष्य एवं सद्गुरु इस यात्रा को करते हुए एक दिन स्वयं एक दूसरे में एक मेव हो जाते हैं,और इस कदर एकमेव हो जाते हैं, कि दोनों में अंतर करना असंभव प्रतीत होता है। जैसे प्रभु श्री राम एवं हनुमान जी। जब श्री राम का नाम ले तो हनुमान जी स्मरण हो आते हैं, और हनुमान जी का नाम ले तो श्री राम जी की सुंदर छवि दृश्य मान हो उठती है गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज की दिव्य समाधि भी गुरु शिष्य के इसी दिव्य संबंध की परिचायक है। गुरुदेव की यह समाधि भी शिष्य एवं सद्गुरु के संबंध को प्रगाढ़ कर साधकों के लिए आंतरिक जगत की यात्रा कर स्वयं सद्गुरु रूप होने की प्रेरणा दे रही है। इस शुभ अवसर पर वेद मंत्रों के उच्चारण एवं भावपूर्ण संगीत ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।





# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को: पाठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह



नगर द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर में आगामी 11 फरवरी द्वितीय शनिवार को प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक जिला न्यायालय रूद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन पाठक ने बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटीगेशन के अनेक वादों का निस्तारण किया जाएगा जिनमें भरण पोषण, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली, आपराधिक शमनीय व सिविल, श्रम विवाद, विद्युत व जलकर बिल से सम्बन्धित मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम संबंधी वाद, विद्युत व जलकर बिल संबंधी वाद, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, भुगतान व भत्तों से संबंधित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लम्बित राजस्व वाद एवं अन्य सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) आदि मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा। श्री पाठक ने बताया कि इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादोंके अधिक से अधिक निस्तारण हेतु पूर्व में दिनांक 12 जनवरी व 24 को बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों, संबंधित अधिवक्तागण एवं वादकारियों के साथ प्री-सीटिंग मीटिंग का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त आगामी 9 फरवरी को बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों, संबंधित अधिवक्तागण एवं वादकारियों के साथ प्री-सीटिंग मीटिंग का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति अपने लम्बित मामले को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहता तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपना मामला निस्तारित करवा सकता है। जो भी व्यक्ति अपने मामलों को 11 फरवरी द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं वे 10 फरवरी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रूद्रपुर में या दूरभाष संख्या 05944 250682 पर सम्पर्क किया जा सकता है।


MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# आवास विकास के चार भवनों में पकड़ी विद्युत चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने औचक निरीक्षण में आवास विकास क्षेत्र में चार भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े। मौके पर केबल कब्जे में लेकर भवन स्वामियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है। अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड ने विभागीय कर्मियों कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता मटकोटा, महेन्द्र लाईनकर्मी व शरद चौधरी, पुलिस निरीक्षक सर्तकता इकाई कुमॉउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ विद्युत चौकिंग करते आवास विकास क्षेत्र पहुंचे। जहां एके सक्सेना पुत्र आरबी सक्सेना, सुभाष चन्द्र पुत्र राम चन्द्र, मनोज भटनागर पुत्र सत्यप्रकाश निवासी जगतपुरा, आवास विकास तथा साहिल मियां पुत्र तुफैल अहमद के भवनों में विद्युत चोरी के मामले मौके पर पकड़े गये। टीम ने केबल जब्त कर ली। उक्त सभी भवन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# स्वास्थ्य शिविर में किया नि:शुल्क चेकअप

गदरपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि कायाकल्प आयुर्वेदा सेवा संस्थान रुद्रपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ उत्तरांचल पंजाबी महासभा महामंत्री संजीव झाम ने करवाया। स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वार्ड नं. 10 आजादनगर में मदान फोटो स्टेट वाली गली, मीनार वाली जामा मस्जिद के पीछे वार्ड सभासद लीना संजीव झाम के सहयोग से किया गया। शिविर में लगभग तीन दर्जन लोगों द्वारा जांच करवा कर लाभ उठाया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में डा. दीपक कुमार द्वारा अनेकों महिला पुरुषों की एनालाइजर मशीन द्वारा जांच कर विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए आयुर्वेदिक दवायें भी उपलब्ध करवायी गई। इस मौके पर कंपाउंडर प्रेम कुमार मल्लिक, सहायिका लक्ष्मी देवी एवं भारती मंडल के अलावा मंगल चंद देवनाथ, नाजिम, जाहिद, रवि प्रकाश, वंश शर्मा, शादाब पाशा, फहीम, अंकित खेड़ा, साजिद पाशा, अंजार हुसैन आदि लोग मौजूद थे।




# भाकियू अराजनैतिक के स्वदेश डंग प्रदेश उपाध्यक्ष बने

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का तीन दिवसीय चिंतन शिविर उत्तर प्रदेश के प्रयाग राज में संपन्न हुआ चिंतन शिविर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान ने रुद्रपुर निवासी अमनदीप सिंह को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक यूपी का प्रदेश उपाध्यक्ष , ग्राम कैलाशपुर तहसील गदरपुर निवासी स्वदेश कुमार डंग को उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है वहीं ग्राम सकैनिया निवासी पूर्व ग्राम प्रधान संजय चौधरी को कुमायूं मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया स नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को तन मन से निर्वाह करने और





संगठन की नीतियों के अनुसार किसानों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करवाने हेतु सफल प्रयास करने का संकल्प दोहराया संगठन के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए ग्राम डिबडिबा निवासी नौजवान नवरीत सिंह के शहीदी दिन पर दिखाई गई उदासीनता पर नाराजगी जताई स इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक , संगठन के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गौराया, सुखविंदर सिंह बठला,धर्मपाल सिंह सहित तमाम क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# देश की आजादी में मीडिया का बड़ा योगदान: भरणे

## पत्रकारों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न






सितारगंज(उद संवाददाता)। आईएफडब्ल्यूजे एवं स्टेट यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि देश की आजादी में मीडिया का बड़ा योगदान है। आज के युग में प्रिंट मीडिया के साथ ही ब्रॉड कास्टिंग और सोशल मीडिया तेजी से बढ़े हैं। डीएम युगल किशोर पंत ने कहा कि विधायिका, कार्य पालिका और न्याय पालिका के कार्यों के संपादन में चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया काम करता है इसलिए मीडिया की भी अहम भूमिका है।रविवार को महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन का रविवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किसान आयोग के अध्यक्ष राजपाल सिंह और अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने किया। आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव ने कहा कि देश में डॉक्टर, अधिवक्ताओं की तरह मीडिया की भी अपनी कौंसिल होनी चाहिए। सरकार को पत्रकारों को भी स्वास्थ्य व आवास योजनाओं से जोड़ना चाहिए। कहा कि पत्रकार लंबे समय से कलम की सुरक्षा के लिए उत्पीड़न की दशा में दर्ज मुकदमे को गैर जमानती करने की मांग उठा रहे हैं। इस पर डीएम ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि आईजी भरणे और डीएम पंत ने दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा समेत देश के 11 राज्यों से पत्रकारों को एसयूडब्लूजे के प्रदेश अध्यक्ष शंकर दत्त शर्मा, नगर अध्यक्ष हनीफ अहमद, महामंत्री कासिम अंसारी, कोषाध्यक्ष अबरार अहमद व पूरी नगर इकाई ने प्रशस्ति पत्र, शील्ड, शॉल आदि भैंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र तिवारी, यामीन अंसारी, अविनाश श्रीवास्तव, हनीफ अहमद, अबरार अहमद, वीरेंद्र तिवारी, कफील अहमद, विकास गुप्ता, चेतन शर्मा, पुरन डसीला, मुकेश सरकार, शेखर चन्द्र पन्त, सानू अंसारी, राहुल कन्नौजिया, अनीस रजा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## घर में घुसे युवक की हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी लाल डांट रोड के पास विगत दिवस मिले लावारिस शव के मामले खुलासा करते हुए का मुखानी थाना पुलिस ने हत्या में शामिल एक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है मृतक आरोपी के घर चोरी के इरादे से घुसा था। जहां पकड़ लिए जाने के बाद उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि 29 जनवरी को थाना मुखानी पुलिस को एमडीटी के माध्यम से सूचना मिली कि लाल डांट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर रमेश बोरा थानाध्यक्ष मुखानी व नन्दन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी के नेतृत्व में उनि सोमेन्द्र सिंह मय टीम के रवाना होकर मौके पर पहुँचे तथा अज्ञात व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से पंचायतनामा की कार्यवाही व मृत्यु का सही कारण जानने हेतु मोर्चरी हल्द्वानी भेजा गया। एसआई सोमेन्द्र सिंह द्वारा डीसीआरबी तथा आस पास के संभावित क्षेत्रों से पता करने पर उक्त व्यक्ति के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त नही हो पाई ।थाना मुखानी पुलिस टीम,थाना कालाढूंगी टीम तथा कॉन्स्टेबल इसरार नबी की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया , दुकानदारों तथा घटना-स्थल के आस-पास मौजूद लोगों के बयान लिए गए। जांच के दौरान पुलिस ने उस व्यक्ति की हत्या करने वाले दिनेश मौर्य पुत्र महिपाल मौर्य निवासी सीबीगंज जिला बरेली बरेली हाल निवासी प्रतापपुरम कालोनी, लालडांट रोड मुखानी को गिरफ्तार लिया। पूछताछ के दौरान दिनेश ने बताया कि यह अज्ञात व्यक्ति उसके कमरे में चोरी करने की नियत से सुबह कमरे का ताला तोड़ कर दाखिल हो रहा था। जिसको उसके मकान मालिक ने मौके पर ही पकड़ लिया। दिनेश ने बताया उसने आवेश में आकर इसको बहुत अधिक पीट दिया। इसके बाद यह व्यक्ति यहां से जाकर आकाश एनक्लेव के सामने खाली प्लॉट में लेट गया था। ज्यादा चोट लगने के कारण प्लॉट में संभवत: ठंड लगने से इसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मुखानी रमेश सिंह बोहरा, थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत, उनि सोमेन्द्र सिंह थाना मुखानी, कॉन्स्टेबल इसरार नबी, रणवीर सिंह, एहसान अली व धीरज सुगणा शामिल थे।

## चोरी के ऑटो समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पडाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी किए गए ऑटो समेत दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दीपक गुप्ता पुत्र स्व. ओमकार गुप्ता निवासी शिव कालौनी बैलेजली लॉज भोटिया पडाव द्वारा रपट दर्ज कराई गई कि दिनांक 28 जनवरी की रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके ऑटो संख्या यूके 04 टीबी 0017 को उसके घर के पास से चोरी कर लिया गया है। मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई। उनि प्रकाश पोखरियाल ने साथी पुलिसकर्मियों हेका कमल पाण्डे व का. संजीव राज के साथ घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी



कैमरो का अवलोकन किया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम कुल्यालपुरा मार्ग पर दुर्गा सिटी सेंटर के पास पहुंची। जहां दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देख जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी ए उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अरूण सागर पुत्र जगदीश सागर निवासी वैलाजली लॉज तथा सुनील रावत पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह रावत निवासी वैलेजली लॉज बताया। पुलुसने उनके पास से चोरी के ऑटो संख्या यूके 04 टीबी 0017 और ऑटो की पिछली सीट के पीछे से चोरी की एक एक पानी की मोटर बरामद की। आवश्यक पूछताछ व कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने दोनों वाहन चोरों को न्यायालय में पेश किया।

## दो बच्चों की मां को पति ने प्रेमी संग होटल में पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दो बच्चों की मां अपनी पत्नी को संदेह होने पर पति ने पीछा कर प्रेमी के साथ एक होटल के कमरे में रंगेहाथ पकड़ लिया। जिसके पश्चात पति पत्नी और वो को लेकर कोतवाली में पूरे दिन हाईप्रोफाइल ड्रामा चलता रहा। पति ने अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ होटल में रंगे हाथों पकड़ लिया। फिर क्या था गुस्से में आग बबूला पति ने पत्नी के प्रेमी की जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान महिला का प्रेमी भी आवेश में आ गया और वह भी महिला के पति से भिड़ गया इसके बाद पति और प्रेमी के बीच महासंग्राम शुरू हो गया। जानकारी के मुताबिक यह मामला उस समय सामने आया जब एक महिला अपने पति को किसी कार्य के लिए जाने की बात कहकर घर से रवाना हुई। पति को उसकी करतूतों के बारे में पहले से ही संदेह था। पत्नी के जाने के बाद वह कुछ लोगों को साथ लेकर दो बच्चों की मां अपनी पत्नी का पीछा करते उसको रंगे हाथ पकड़ने होटल की तरफ चल पड़ा। जहां पति ने पत्नी और उसके प्रेमी को न सिर्फ रंगे हाथ पकड़ा बल्कि आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। जिसके बाद होटल में हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। पुलिस ने बताया कि पीलीकोठी निवासी एक व्यक्ति वाहन चालक है। सोमवार को उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ खान चंद मार्केट में स्थित होटल में पहुंची थी। पति उसका पीछा करते हुए पहुंच गया और पत्नी व उसके प्रेमी दोनों को पकड़ लिया। पत्नी को प्रेमी संग होटल में देख हंगामा हो गया। सूचना पर पुलिस ने होटल में पहुंचकर महिला व उसके प्रेमी को कोतवाली ले आई। पति अब पत्नी को घर न लाने की जिद पर अड़ा रहा। महिला के दो बच्चे हैं। दिन भर चला मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

## पंजीकृत प्रतिष्ठानों के प्रमाण पत्र वितरित

गदरपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा पंजीकृत व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील करते हुए उनके प्रतिष्ठानों के प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला और कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा द्वारा संयुक्त रूप से अब तक सैकड़ों प्रतिष्ठानों के स्वामियों को उनके



प्रतिष्ठानों के प्रमाण पत्र सौंपा जा चुके हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने सभी व्यापारियों से जिनके प्रमाण पत्र शेष रह गए हैं वे सकैनिया रोड स्थित कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के प्रतिष्ठान से प्राप्त कर लें। इस दौरान तमाम व्यापारी गण मौजूद रहे।

## एसएसपी ने किए 15 उप निरीक्षकों के स्थानांतरण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के 15 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के स्थानांतरण किए गए हैं। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी थानाध्यक्ष चोरगलिया से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना लालकुआं, उपनिरीक्षक भगवान सिंह महर पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष चोरगलिया, उपनिरीक्षक बलवंत सिंह कंबोज वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना लाल कुआं से एएनटीएफ, उप निरीक्षक भुवन सिंह राणा एफएफयू से थानाध्यक्ष खनस्यूं, उप निरीक्षक प्रेम विश्वकर्मा वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना रामनगर से एफएफयू, उपनिरीक्षक अनीस अहमद थाना रामनगर से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना रामनगर, उप निरीक्षक कृपाल सिंह प्रभारी चौकी हल्दुचौड से प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी हेड़ाखान थाना काठगोदाम, उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह थाना मुखानी से प्रभारी चौकी हल्दुचौड, उप निरीक्षक विजय कुमार प्रभारी चौकी कोटाबाग से प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी धानाचूली थाना मुक्तेश्वर, उप निरीक्षक रमेश चंद्र पंत थाना बेतालघाट से प्रभारी चौकी कोटाबाग, उप निरीक्षक गौरव जोशी पुलिस लाइन से थाना बेतालघाट, उप निरीक्षक विजय पाल सिंह प्रभारी चौकी ढेला से प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओखलकाण्डा थाना खनस्यूं, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह राणा चौकी भोटिया पड़ाव थाना हल्द्वानी से प्रभारी चौकी ढैला, उप निरीक्षक विजय कुमार साइबर सेल हल्द्वानी से प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी धारी थाना मुक्तेश्वर तथा उप निरीक्षक शंकर नयाल को थाना भीमताल से थाना बनभूलपुरा स्थानांतरित किया गया है।

## सर्विसेस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन 5 फरवरी से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिला उधम सिंह नगर में प्रथम बार सर्विसेज क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन 5 फरवरी से किया जाएगा । जिसमें जिला उधम सिंह नगर के सरकारी विभाग, अर्द्ध सरकारी विभाग , सिडकुल की कंपनियां ,सीनियर क्रिकेटर की टीमें प्रतिभाग करेंगे। पहले यह प्रतियोगिता 12 जनवरी से होनी थी परंतु मौसम को देखते हुए यह प्रतियोगिता की तारीख बढ़ा दी गई। इस प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग ,एसटीएफ, एनडीआरएफ ,अशोका लीलैंड, आईजीएल काशीपुर ,अनहद ग्रुप, सीनियर क्रिकेटर्स रुद्रपुर की टीम ने अपनी सहमति दी है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया है कि मानसिक तनाव को दूर करने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता कराई जा रही है इन मैचों का आयोजन काशीपुर, रुद्रपुर, गदरपुर के अच्छे क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

# अल्पसंख्यकों से सम्बंधित योजनाओं का करें अधिक से अधिक प्रचार प्रसार: इकबाल सिंह

सितारगंज(उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग सरदार इकबाल सिंह ने विकास खण्ड सभागार में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने एवं कराये ताकि समय रहते समस्या का समाधान कर योजनाओं से पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई के लिये हमें व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करना चाहिये। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता को अल्पसंख्यक योजनओं के बारे में जानकारी मिल सकें जिससे कि वे योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। बैठक में सर्वाधिक शिक्षा विभाग, आय प्रमाण पत्र, बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनवाड़ी भवन निर्माण, समाज कल्याण से आयोग द्वारा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण लिया जायेगा। इस दौरान उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन भास्कर




समस्याओं के निराकरण हेतु जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग को योजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित कोई भी समस्या आती है तो तत्काल अवगत अल्पसंख्यक से सम्बन्धित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु पम्फलेट बनाकर जनप्रतियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास आदि से सम्बन्धित समस्याऐं प्रमुखता से सामने आयी। बैठक में डेरी विभाग, लीड बैंक, पंचायतीराज, उद्यान, विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिस पर मा0 उपाध्यक्ष ने कहा कि सम्भल, सदस्य तसलीम अहमद, तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी, सीओ ओम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी सीआर आर्य, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, श्रम अधिकारी मीनाक्षी भट्ट, ग्राम प्रधान समर सिंह, सीडीपीओ डॉ0 मंजूलता यादव आदि उपस्थित थें।

# खड़िया खान की अनापत्ति निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले को सफेद हीरे की खान कहा जाता है, खड़िया खनन पट्टाधारक द्वारा ग्रामीणों की शर्त का पालन नहीं करने पर तिलाड़ी के ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। नाराज ग्रामीणों ने अनापत्ति निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी से अनापत्ति निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह दो बार पहले भी मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। तिलाड़ी के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने खड़िया पट्टाधारक को शर्तों के आधार पर अनापत्ति दी थी। लेकिन पट्टाधारक द्वारा शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसकी शिकायत उन्होंने 26 अगस्त 2022 तथा 16 नवंबर को की थी। इसके बाद भी उनकी समस्या नहीं सुनी जा रही है। पट्टाधारक ने ग्रामीणों का रोजगार भी समाप्त कर दिया है। किसानों के बच्चे बेरोजगार हो रहे हैं। अब पट्टाधारक उनका उत्पीड़िन कर रहा है। बगैर उन्हें विश्वास में लिए सीमांकन भी किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी ने अनापत्ति निरस्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में जोगा राम, मंजू देवी, गोविंद कुमार, ठाकुर प्रसाद, बसंती देवी, इंदिरा देवी आदि शामिल हैं।



# डीएम ने किया ईवीएम वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने विकास भवन के पास स्थापित ईवीएम वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चैक किया गया। उन्होने निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी को स्ट्रांग रूम की प्रकाश व्यवस्था और बढ़ाने के निर्देश दिये। जिससे कि सुरक्षा एवं निगरानी की दृष्टि से वेयर हाउस में लगे कैमरों व उपकरणों के संचालन में समस्या ना हो। उन्होने स्ट्रांग रूम में रखी मशीनों की नमी एवं सीलन से बचाव, आग से सुरक्षा हेतु की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, नायाब तहसीलदार भरत लाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी धीरेन्द्र चन्द्र सती, जिला कार्यालय मंत्री बीजेपी. गजेन्द्र प्रजापति, अनुसेवक हिमांशु आर्या एएसआई से किशन राम, पीसी पुष्कर सिंह लसपाल व एचसी अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



# जनता दरबार में डीएम ने सुनी 25 समस्याएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना, वही जनसमस्याए सुनने के बाद समस्याओं के प्राथमिकता से समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।डीएम पाल ने जन समस्याओं का निराकरण समय से हो, जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार जिला मुख्यालय तक न आना पडें इसके लिए सभी अधिकारियों को समय से समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।उन्होंने जनता को उनकी मूलभूत समस्याओं का समय से समाधान करना अपनी प्राथमिकता बताया। जिसमें 24 शिकायतें लिखित व एक शिकायत ऑनलाइन दर्ज हुई। 10 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम अनुराधा पाल ने समीक्षा बैठक के दौरान जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।जनता दरबार अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया, खंड विकास अधिकारी आलोक भण्डारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, एक्शन जल संस्थान सीएस देवड़ी, जल निगम वीके रवि, पीएमजीएसवाई विजय कृष्ण, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट समेत अनेक अधिकारी आदि मौजूद थे।



# दिव्यांग व्यक्ति के खोए मोबाईल को बरामद कर चेहरे पर लौटाई मुस्कान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिले में उत्तरायणी मेला घूमने आए चमोली के दिव्यांग व्यक्ति का मोबाइल खो गया था। जिसे पुलिस टीम द्वारा बरामद कर दिव्यांग को लौटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार चमोली जिले के दिव्यांग उत्तरायणी मेला घूमने के लिए बागेश्वर आए हुए थे। यहां थराली के एक व्यक्ति द्वारा उनसे फोन करने के बहाने उनका मोबाइल मांगा गया। तभी वह व्यक्ति मोबाइल लेकर फरार हो गया। उन्होंने किसी व्यक्ति की मदद से सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस तक यह जानकारी पहुंचाई। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल कैलाश नेगी द्वारा दिव्यांग को पर्याप्त सहयोग दिया गया। सर्विलांस टीम के प्रयासों से मोबाइल को खोजकर दिव्यांग व्यक्ति को सौंप दिया है। मोबाइल पाकर दिव्यांग के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। दिव्यांग द्वारा मित्र पुलिस का आभार जताते हुए जिस व्यक्ति द्वारा उनका फोन लिया गया था,उस पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार कर दिया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि जानकारी मिली थी कि दिव्यांग का फोन किसी व्यक्ति द्वारा उत्तरायणी मेले के दौरान धोखे से ले लिया। इस मामले की जांच की गई, सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल फोन बरामद किया गया। कोतवाली बागेश्वर पुलिस द्वारा दिव्यांग व्यक्ति को सौंप दिया गया है। मोबाइल पाने के बाद दिव्यांग बेहद खुश नजर आए।मोबाइल सौंपने में प्रभारी कोतवाल प्रह्लाद सिंह, नरेंद्र गोस्वामी, गिरीश बजेली आदि मौजूद थे।



# गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान को मेयर लगा रहे हैं पलीता: तनेजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 75वीं पुण्यतिथि पर गांधी पार्क स्थित बापू की प्रतिमा के आसपास गंदगी देख कांग्रेसियों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की और स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गांधी जी के जन्मदिन 2 अक्टूबर पर चलाए गए स्वच्छता अभियान की अनदेखी करने पर डबल इंजन सरकार और मेयर की निंदा की और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान चला कर बापू की प्रतिमा और आसपास के स्थल की सफाई की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि गांधी जी के जन्मदिन 2 अक्टूबर पर हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई थी जिसकी धज्जियां भाजपा की सरकार और भाजपा के ही मेयर उड़ाने में लगे हुए हैं जिसका जीता जागता उदाहरण आज गांधी जी की पुण्यतिथि होने के बावजूद भी प्रतिमा और आसपास के स्थल की यह कूड़े के लगे हुए ढेर दे रहे हैं उन्होंने कहा कि जब उनकी ही सरकार के जनप्रतिनिधि उनके द्वारा चलाए हुए अभियान की अनदेखी कर रहे हैं तो यह जनप्रतिनिधि आम जनता को क्या जागरूक करेंगे।



# ऋषिकेश स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचे विराट कोहली और अनुष्का

ऋषिकेश। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी मां सरोज कोहली और पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आध्यात्मिक गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के ऋषिकेश स्थित आश्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु की समाधि पर पुष्प अर्पित कर ध्यान लगाया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली परिवार के साथ सोमवार सुबह जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर ब्लाक स्थित मोहनचट्टी के एक रिसार्ट में पहुंचे। शाम करीब पांच बजे विराट, अनुष्का और उनकी मां सरोज ऋषिकेश के शीशम झाड़ी स्थित स्वामी दयानंद आश्रम पहुंचे। बता दें कि स्वामी दयानंद सरस्वती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आध्यात्मिक गुरु थे। उनसे मुलाकात करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं यहां आए थे। बाद में स्वामी दयानंद सरस्वती ब्रह्मलीन हो गए। उन्होंने आश्रम पहुंचने के बाद सबसे पहले स्वामी दयानंद सरस्वती की समाधि स्थल पर उनकी प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। उन्होंने यहां करीब 20 मिनट तक ध्यान भी लगाया। आश्रम परिसर में स्थित भगवान शंकर के मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की आश्रम आगमन के बाद विराट, अनुष्का और उनकी मां सरोज ने दयानंद आश्रम के अध्यक्ष स्वामी साक्षातकृतानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। रात को वह यहीं आश्रम के ही प्रवास करेंगे। शाम करीब साढ़े सात बजे उन्होंने आश्रम की रसोई में बना भोजन किया। उन्होंने अपने ही कक्ष में रोटी, सब्जी, खिचड़ी, कढ़ी खाई । आश्रम के प्रबंधक गुणानंद रयाल ने बताया कि आश्रम पद्धति के अनुरूप विराट व उनका परिवार यहां अपना समय व्यतीत कर रहे हैं।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## स्वास्थ्य मंत्री की हत्या

अति विशिष्ट लोगों की सुरक्षा को लेकर खासी सावधानी बरती जाती है। उसमें तैनात होने वाले सुरक्षा कर्मियों का चयन काफी छानबीन के बाद की जाती है। मगर ओड़ीशा में हुई स्वास्थ्य मंत्री की बेखैफ गोली मारकर की गई हत्या की अप्रत्याशित घटना पर कई तरह के सवाल उठने लाजमी है। जिसका नतीजा यह हुआ कि एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक यानी एएसआइ ने राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री पर गोली चला दी और उनकी मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य मंत्री एक बैठक के लिए गए हुए थे और वहां इकट्ठा हुए लोगों का अभिवादन करने अपनी गाड़ी से उतरे ही थे कि उन्हें गोली मार दी गई। अब गोली चलाने वाले एएसआइ की पत्नी ने कहा है कि उसके पति पिछले पांच-सात सालों से मानसिक परेशानी का सामना कर रहे थे, जिसका इलाज चल रहा था। असल तथ्य तो गहन जांच के बाद ही सामने आ सकेगा, मगर फिलहाल सवाल है कि एक मंत्री स्तर के व्यक्ति की सुरक्षा को लेकर इस कदर लापरवाही बरती गई, तो आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भला कितनी गंभीरता बरती जाती होगी। अगर कोई पुलिस अधिकारी इतने लंबे समय से मानसिक परेशानियों का सामना कर रहा था, तो यह तथ्य किसी से छिपा नहीं होगा, जरूर उसके ऊपर के अधिकारी भी इस बात को जानते होंगे। फिर उन्होंने संवेदनशील मामलों में उसकी तैनाती से परहेज क्यों नहीं किया। पुलिस कर्मियों, सेना के जवानों और सुरक्षा बलों में मानसिक तनाव की समस्या कोई छिपी बात नहीं है। अनेक ऐसे उदाहरण मौजूद हैं, जब मानसिक तनाव और अधिकारियों के किसी प्रकार के मनमुटाव के कारण किसी सिपाही ने अपने ही साथियों को गोलियों से भून डाला या अपने किसी अधिकारी को गोली मार दी। इस तरह के बढ़ते मामलों के मद्देनजर समय-समय पर जवानों, अधिकारियों आदि के मानसिक स्वास्थ्य की जांच के भी आदेश दिए गए। मगर शायद इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। हालांकि ओड़ीशा के मामले में एक मंत्री स्तर के व्यक्ति पर गोली चलाई गई, इसलिए इसकी जांच के कई कोण बनते हैं। मंत्री से किसी राजनीतिक रंजिश और आपराधिक साजिश के तार भी तलाशने के प्रयास होंगे। हो सकता है कि स्वास्थ्य मंत्री से दोषी पुलिस अधिकारी की कोई व्यक्तिगत रंजिश रही हो। मगर पुलिस बलों में काम के बढ़ते बोझ और उचित विश्राम आदि न मिल पाने की वजह से मानसिक तनाव के बढ़ते आंकड़ों से इनकार नहीं किया जा सकता। ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री की हत्या से दो सबक स्पष्ट हैं। एक तो यह कि विशिष्ट लोगों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई खतरनाक साबित हो सकती है। दूसरा यह कि पुलिस बलों पर काम के बोझ का मूल्यांकन और उनके स्वाथ्य को लेकर गंभीरता से विचार की जरूरत है। अगर दोषी पुलिस अधिकारी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, तो उसकी तैनाती ऐसे काम पर क्यों की गई थी, जिसमें अधिक सतर्कता और सक्रियता की जरूरत पड़ती है। अक्सर पुलिस महकमे का कहना होता है कि उसके पास कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी होने के कारण वह अपने जवानों को उचित अवकाश आदि उपलब्ध नहीं करा पाता। उन्हें तय समय से कहीं ज्यादा काम करना पड़ता है। अक्सर पुलिस अधिकारियों को कई-कई दिन तक लगातार काम करना पड़ता है। मगर इस तर्क से किसी अस्वस्थ व्यक्ति के ऊपर अत्याचार की छूट नहीं मिल जाती। शायद इस घटना से सरकारें पुलिस महकमे में जरूरी सुधार का सबक लें।

# जोशीमठ आपदा पर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में पुनर्वास के विकल्पों पर सहमति जताई

## क्षतिग्रस्त भवनों के लिए मुआवजा सीपीडब्लूडी की दरों के आधार पर रखने पर मिलेगा

देहरादून। चमोली जिले के जोशीमठ शहर के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास की दिशा में सरकार गंभीरता से कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में प्रभावितों के पुनर्वास के लिए तीन विकल्प प्रस्तावित किए गए हैं। जोशीमठ को लेकर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सोमवार को हुई बैठक में इन विकल्पों पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई। अब इसका प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा और वह इस बारे में निर्णय लेगी। जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के दृष्टिगत चमोली के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ बैठक के बाद हाल में शासन को रिपोर्ट भेजी थी। इसमें पुनर्वास को तीन विकल्प सुझाए गए थे। सोमवार को अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सचिवालय में हुई बैठक में इस पर विमर्श हुआ। आपदा प्रबंधन सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार समिति ने इन विकल्पों पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि जोशीमठ में जांच कार्य में जुटे संस्थानों की अंतिम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा कि कितने परिवारों का स्थायी रूप से पुनर्वास किया जाना है। प्रभावितों से प्रस्तावित विकल्पों पर सहमति लेने के बाद पुनर्वास की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अन्य कई विषयों पर भी मंथन किया गया। प्रभावित भू-भवन स्वामियों का वन टाइम सेटलमेंट किया जाएगा। उन्हें भूमि व भवन के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजे के तौर पर एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। भुगतान से पहले संबंधित प्रभावित की भूमि व भवन की रजिस्ट्री सरकार के पक्ष में की जाएगी। प्रभावितों को भूमि के सापेक्ष घर बनाने के लिए अधिकतम 100 वर्ग मीटर की भूमि दी जाएगी। प्रभावित की इससे ज्यादा भूमि होने की दशा में उसे तय मानकों के अनुसार मुआवजा राशि दी जाएगी। इससे पहले प्रभावित की ऐसी भूमि सरकार में निहित की जाएगी। पुनर्वास के लिए चिह्नित स्थान पर 75 वर्ग मीटर में डूप्लेक्स भवन का निर्माण कर सरकार देगी। यदि भूमि व आवास का क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर से अधिक है तो उसे इसकी धनराशि दी जाएगी। पुनर्वास से पहले संबंधित प्रभावित की भूमि भी सरकार में निहित की जाएगी। आपदा प्रबंधन सचिव डा. सिन्हा के अनुसार समिति ने आपदा प्रभावितों के क्षतिग्रस्त भवनों के लिए मुआवजे की दर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) की दरों के आधार पर रखने पर सहमति दी है। साथ ही, इसमें व्यवसायिक भवन के लिए पांच प्रतिशत और आवासीय भवन पर 15 प्रतिशत अधिक राशि की बढ़ोत्तरी की जाएगी। भवन के निर्माण की अवधि के बारे में भवनस्वामी से जानकारी लेकर इसी हिसाब से निर्धारण किया जाएगा। प्रभावितों के पुनर्वास के लिए मुआवजे की दरों के निर्धारण से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा, जो इस बारे में निर्णय लेगी। साथ ही कैबिनेट यह भी तय करेगी कि किस वर्ष के सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जाना है। जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र में हल्की या मामूली दरार वाले भवनों के लिए रेट्रोफिटिंग का विकल्प भी खुला रखा गया है। आपदा प्रबंधन सचिव के अनुसार यदि आवश्यकता पड़ेगी तो ऐसे भवनों का सरकार वैज्ञानिक ढंग से उपचार कराएगी। मामूली दरार वाले भवनों की मरम्मत के लिए सरकार धनराशि देगी।

# डीएम ने किया राजकीय पुस्तकालय और मल्ला महल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने माल रोड स्थित राजकीय पुस्तकालय तथा मल्ला महल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय पहुंचकर पुस्तकालय के संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में कंप्यूटर कक्ष बनाने तथा पुस्तकालय में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पाठकों के लिए नई किताबों की भी व्यवस्था जल्द की जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में जो भी अवशेष कार्य हैं, उन्हें पूरा कर लिया जाए।इसके



बाद जिलाधिकारी ने मल्ला महल पहुंचकर वहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को आपसी समन्वय बनाकर संपादित किया जाए। यहां उन्होंने मल्ला महल के रानी महल में बनने वाले म्यूजियम के फेब्रिकेशन एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रति शुक्रवार समस्त टीम को कार्यों की समीक्षा करने को भी कहा।साथ ही उन्होंने संस्कृति विभाग को निर्देश दिए कि मल्लामहल में त्रैमासिक सांस्कृतिक कार्यक्रमआयोजितकिए जाएं तथा स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भी नियम बनाए जाएं एवं इसकी दरें भी तय कर ली जाएं, जिससे स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सकेयहां क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान, अधिशासी अभियंता आरईएस संजय भारती समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।



# सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका

काशीपुर(उद संवाददाता)। धर्मयात्रा महासंघ ने रामचरित मानस के अपमान पर यहाँ सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। इस मौके पर धर्मयात्रा महासंघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि हिन्दू जनमानस की आस्था का केन्द्र, भारतीय संस्कृति का सम्वाहक महान धार्मिक ग्रंथ श्रीरामचरितमानस जो असंख्य हिन्दू धर्मावलमबियों द्वारा सदियों से पूज्य माना जाता रहा है, का समाजवादी पार्टी नेता स्वामीप्रसादमौर्य द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार अपमान किया जा रहा है। वह नित्यप्रति अपने अपमानजनक, पीड़ादायक व अमर्यादित बयानों द्वारा महान धार्मिक ग्रंथ, श्रीरामचरितमानस का अपमान कर रहे हैं। राष्ट्रपति को भेजे एक ज्ञापन में कहा गया है कि स्वामप्रसाद



मौर्य ने एक वर्ग विशेष के वोट पाने के स्वार्थ में हिन्दू समाज की भावनाओं को ठेस पहुँचाने के लिये यह दुष्कर्म किया है। श्रीमौर्य के बयान देश व धर्म विरोधी हैं। श्रीरामचरितमानस का अपमान हिन्दू तोड़ो प्लान का हिस्सा है। इस अमर्यादित, हिन्दू विरोधी और पीड़ादायक बयान पर स०पा० प्रमुख अखिलेश यादव की चुप्पी भी उनके हिन्दू विरोधी चरित्र को दर्शाती है। श्रीरामचरितमानस का अपमान किसी भी प्रकार सहन नहीं किया जा सकता। सपा नेता ने हिंदुओं के साधु संतों के प्रति जिन कटु व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। वह असहनीय व अत्यंत पीड़ादायक हैं। जिससे देशभर के पूज्य साधु संतो के मन में मौर्य के विरुद्ध घोर आकोश उत्पन्न हो गया है। धर्मयात्रा महानगर काशीपुर के कार्यकर्ता व महानगर काशीपुरवासी अनेकों हिन्दू संगठनों से जुड़े रामभक्त हिन्दू व राष्ट्रीय विचारधारा के लोग सपा नेता मौर्य के बयानों की, साधु संतों व श्रीराम चरितमानस के अपमान की कड़े शब्दों में घोर निन्दा करते हैं।

# कल धूमधाम से मनाया जायेगा विधायक बेहड़ का जन्म दिन

किच्छा(उद संवाददाता)। कल 1 फरवरी को किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ का जन्मदिन धूमधाम से आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर सुबह 11 से 1 बजे तक मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंदर चौधरी बबलू ने बताया कि सुबह रुद्रपुर से



चलकर विधायक किच्छा महाराणा प्रताप चौक में स्थित मंदिर पर शीश नवायेंगे उसके बाद किच्छा कार्यालय में समर्थको के साथ अपना जन्मदिन मनायंगे व क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे,उनके जन्मदिन पर 66 पोंड का केक बनवाया गया है जिसे विधायक क्षेत्रवासियों व समर्थको के साथ काटकर अपना जन्मदिन मनाएंगे व सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी है इसके बाद विधायक विधायक निधि से तैयार 6 सडको का लोकार्पण करेंगे जिसमे 1 सड़क आवास विकास , 3 सड़के सिरौली,1 सड़क वार्ड न 8 तथा 1 सड़क बंगाली कालोनी आजाद नगर वार्ड में जनता को समर्पित करंगे ,जगह जगह पर जनता के बीच विधायक बेहड़ द्वारा अपना जन्मदिन मनाया जायेगा। बबलू चोधरी ने कहा कि उनके जन्मदिन को लेकर जनता में काफी उत्साह है ।

# शिव ओंकारनाथ पचौरी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव सुभाष छाबड़ा ने मैनपुरी जिले के पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा लोकतन्त्र सेनानी शिवओंकारनाथ पचौरी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को लोकतांत्रिक शक्तियों के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि पचौरी जी बहुत ही संघर्षधील व्यक्ति थे तथा कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने 1960-70 के दशक में उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद का संगठन खड़ा किया तथा 1967 के हिंदी आंदोलन की अगुवाई की 1970 में जनसंघ की युवा शाखा युवासंघ में आये और उसे उत्तरप्रदेश में आधार प्रदान किया वे एक बहादुर योद्धा थे जो कभी संघर्षों से डरे नहीं कभी विचलित नहीं हुए ।आपातकाल में उन्होंने तानाशाही का खुल कर विरोध किया और लंबे समय तक जेल में बन्द रहे लोकतन्त्र सेनानी राजेन्द्र तिवारी ने कहा स्वर्गीय पचौरी जी हमारे प्रेरणास्रोत थे हमने उनसे संघर्ष सीखा, उनको खो कर हमने अपने नायक को खो दिया। उत्तरप्रदेश विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष रहे विंध्यवासिनी कुमार ने कहा हमारे संगठन की जान थे वे संघर्ष की जिंदा मिसाल थे उनका जाना बहुत बड़ी क्षति है। श्रद्धांजलि सभा मे लोकतन्त्र सेनानी रमाकांत दुबे, सोमेंद्र अग्रवाल, बाबरअली खान, अजयदत्त शर्मा, कृष्णकांत शुक्ला ,निर्मल सिंह,पूर्व विधायक अवधकुमार सिंहबागी, सूर्य कुमार तथा कस्तूरीलाल तागरा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# दो पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।अवैध नशे की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत लमगड़ा पुलिस ने 2 पेटी अवैध शराब के साथ 1 शराब



तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत चौकी मोरनौला थाना लमगड़ा ने चेकिंग के दौरान मोरनौला वन विभाग बैरियर के पास रविन्द्र कुमार पुत्र नारायण राम निवासी ग्राम सूनी थाना मुक्तेश्वर के कब्जे से 2 पेटी अवैध देशी शराब बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना लमगड़ा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय जोशी, कांस्टेबल ललित मोहन, गिरीश प्रसाद, बिशन सिंह आदि शामिल थे।

# बिग बाजार में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए आज पुलिस टीम ने बिग बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान सत्यापन अभियान चलाया गया। सिडकुल चौकी एएसआई देवेन्द्र कुमार मंगलवार को पुलिस और पीएसी जवानों के साथ बिग बाजार पहुंचे। उन्होंने बिग बाजार के प्रतिष्ठानों में काम कर रहे कर्मचारियों के बारे में जानकारी जुटायी। इस दौरान कर्मचारियों का सत्यापन भी किया



गया। एएसआई ने कहा कि बिना सत्यापन के किसी भी बाहरी व्यक्ति को काम पर न रखा जाये। ऐसा पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों से आपराधिक किस्म के कुछ लोग यहां आकर वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। लिहाजा जिसे भी काम पर रखें उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाने के बाद उसका पुलिस सत्यापन जरूर करायें।

# पहाड़ में भारी बर्फबारी, गंगोत्री हाईवे पर यातायात बाधित

देहरादून। प्रदेशभर में मैदानी क्षेत्रों में पिछले 12 घंटे से वर्षा और पहाड़ में भारी बर्फबारी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार सोमवार को भी उत्तराखंड में वर्षा और बर्फबारी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रविवार देर शाम छह बजे से दून समेत कई क्षेत्रों में वर्षा शुरू हो गई थी। चारधाम की चोटियों, हर्षिल, हेमकुंड साहिब, गोरसों, नेलांगघाटी, धनोल्टी आदि क्षेत्र में हल्का हिमपात शुरू हो गया था। देर रात दो बजे बाद बर्फबारी तेज हो गई जो सोमवार सुबह आठ बजे तक जारी रही। चकराता में भी बर्फबारी हुई है। वहीं नागटिब्बा में मौसम का तीसरा हिमपात हुआ है। देहरादून, रुड़की, हरिद्वार, ऋिषकेश, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली एवं रुद्रप्रयाग के निचले इलाकों में वर्षा होने से न्यनूतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। बदरीनाथ, केदानाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री में एक से तीन फिट बर्फ गिरी चुकी है। सोमवार को सुबह नौ बजे बाद वर्षा और बर्फबारी का दौर कुछ थमा, लेकिन मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार देर रात तक वर्षा और बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। चकराता में छावनी बाजार में हल्की बर्फ पड़ी, लेकिन चकराता के पर्यटन स्थल लोखंडी में जमकर बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही आलू मंडी, जंगला चौकी, भंगार, धरना धार जाडी, लोखंडी आदि क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी होने से पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बर्फबारी के कारण सोनगाड से लेकर गंगोत्री के बीच अवरुद्ध है। हाईवे का करीब 40 किलोमीटर का क्षेत्र बर्फबारी से ढक चुका है। जिसके कारण हाईवे अवरुद्ध है। क्षेत्र में बर्फबारी जारी है, जिसके कारण अभी हाईवे को सुचारू करने का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा धरासू यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राड़ी टॉप के पास अवरुद्ध है। हनुमान चट्टी और जानकीचट्टी के बीच भी यमुनोत्री राजमार्ग बर्फबारी के कारण अवरुद्ध हुआ है। उत्तरकाशी जनपद के 15 संपर्क मार्ग भी बर्फबारी के कारण अवरुद्ध हो चुके हैं। ऋषिकेश धरासू हाईवे धरासू बैंड के पास मलबा आने के कारण अवरुद्ध है। जिसको खोलने का कार्य चल रहा है। वहीं मोरी और पुरोला क्षेत्र के करीब 80 से अधिक गांव में रविवार रात से बिजली आपूर्ति ठप है। बर्फबारी के कारण जनपद के 55 से अधिक गांव पूरी तरह से ढक चुके हैं। इससे पहले चारधाम समेत तमाम ऊंची चोटियों पर रविवार दोपहर बाद हिमपात शुरू हुआ। जबकि, निचले हिस्सों में शाम को एक से दो दौर की वर्षा हुई। जिससे प्रदेशभर में तापमान ने गोता लगाया। सर्द हवाओं ने पहाड़ से मैदान तक ठिठुरन बढ़ा दी। बागेश्वर में बादल छाए हुए हैं। वर्षा की संभावना है। उच्च हिमालय क्षेत्र में रुक रुक कर हिमपात की सूचना है। बागेश्वर केपिंडारी, फुरकिया, द्वाली में हिम कर्ण गिरने की सूचना है। ठिठुरन बढ़ गई है। लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। नैनीताल और अल्भमोड़ा में बादल छाए हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सोमवार को भी मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी वर्षा-बर्फबारी होने के आसार हैं। इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में गरज के साथ ओलावृष्टि व तीव्र बौछार पड़ सकती हैं।उत्तरकाशी में हर्षिल घाटी, खरसाली, जानकी चट्टी, जखोल, ओसला गंगाड़, दयारा, डोडीताल, हरुंता बुग्याल, चौरंगी, राड़ी टाप क्षेत्र में पूरे दिन बादल छाए रहे और बर्फबारी की आसार बने रहे। देहरादून और मसूरी समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। कुमाऊं में उच्च हिमालयी राजरंभा, पंचाचूली, हंसलिंग, बृजगंग, रालम, नंदा देवी, नंदा कोट की चोटियों पर हिमपात होता रहा। मुनस्यारी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में घने बादल छाए रहे और निचले इलाकों में दिन में धूप व बादलों का क्रम बना रहा। तराई में अधिक कोहरा और कम दृष्यता के चलते रविवार को फिर हवाई सेवा प्रभावित हुई। इंडिगो की दिल्ली से पंतनगर की उड़ान निरस्त होने के चलते यात्रियों को मायूस होना पड़ा।

## पेज एक का शेष...

**हर क्षेत्र में तेजी से आगे...**भी आज दुनिया समझ रही है। इसलिए आतंक के विरोध में भारत की आवाज को हर मंच से गंभीरता से सुना जा रहा है। यूएन में भी भारत ने आतंकवाद पर अपनी भूमिका को स्पष्ट किया है। साइबर सुरक्षा की चिंताओं को भी सरकार पूरी दुनिया के सामने रख रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सुगम्य योजना से भारत के दिव्यांगों को लाभ हुआ है। भारत में सरकार की योजनाओं का असर वृहद हुआ है। आज युवा इनोवेशन में ताकत दिखा रहे हैं। देश में स्टार्टअप की संख्या 90 हजार के पार हो गई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश के कोने कोने से भारत की प्रतिभाओं को निखारने और निकालने के लिए खेल इंडिया गेम्स का भी आयोजन कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत ने उस सोच को भी बदला है जो प्रगति और प्रकृति को परस्पर विरोधी मानती थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय रेलवे अपने आधुनिक अवतार में सामने आ रही है और देश के रेलवे मैप में अनेक दुर्गम क्षेत्र भी जुड़ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश पंच प्राणों की प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है। गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए भी मेरी सरकार निरंतर प्रयासरत है। जो कभी राजपथ था, वह अब कर्तव्यपथ बन चुका है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारी विरासत हमें जड़ों से जोड़ती है और हमारा विकास आसमान को छूने का हौसला देता है। इसलिए मेरी सरकार ने विरासत को मजबूती देने और विकास को प्राथमिकता देने की राह चुनी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेड इन इंडिया अभियान और आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता का लाभ देश को मिलना शुरु हो चुका है। आज भारत में मैन्युफेक्चरिंग की अपनी कैपेसिटी भी बढ़ रही है और दुनिया भर से भी मैन्युफेक्चरिंग कंपनियां भारत आ रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की सफलता आज हम देख रहे हैं। देश में पहली बार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक हुई है एवं महिलाओं का स्वास्थ्य भी पहले के मुकाबले और बेहतर हुआ है। यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लिए कोई बंदिश न हो।

**पड़ोसियों की पिटाई...** और गाली गलौज करते हुए मार पिटाई शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि झगड़ा फसाद के दौरान जब उसकी मां रफीकन ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उपरोक्त तीनों आरोपियों ने वृद्ध महिला की बुरी तरह पिटाई करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया और मुंह खोलने की आवाज में जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों मौके से फरार हो गए। मारपीट की उक्त घटना में शिकायतकर्ता तथा उसके पुत्र को भी गंभीर चोटें आई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में यह भी बताया कि आरोपी आरिफ नशे की गैरकानूनी कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर दंपति समेत तीनों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**गंगातट पर सैर को ..**एक घंटा आस्था पथ पर घूमने के बाद विराट और अनुष्का आश्रम में लौट आए। सुबह 7 बजे आश्रम के योगा हॉल में दोनों ने योग किया। मंगलवार दोपहर को विराट और अनुष्का ने आश्रम में संत महात्माओं को भंडारा कराया और उनका आशीर्वाद लिया। इस बीच उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार भी यहां पहुंचे और विराट कोहली से मुलाकात की। बता दें कि स्वामी दयानंद सरस्वती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आध्यात्मिक गुरु थे। उनसे मुलाकात करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं यहां आए थे। बाद में स्वामी दयानंद सरस्वती ब्रह्मलीन हो गए थे।

**साथियों संगमिलकर..**मिलकर धारदार हथियार से उसकी उंगली तथा गुप्तांग काटते हुए गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने मोबाइल फोन पर मुंह खोलने की एवज में जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त चारों हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**एआरटीओ कार्यालय..**संतोषजनक जवाब नही दे पाया, जिस पर उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी अपने कब्जे में ले लिये और जांच के निर्देश एआरटीओ पूजा नयाल को दिया। आरटीओ की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया और आसपास खड़े कई दलाल रफूचक्कर हो गए। आरटीओ ने व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। आरटीओ ने कहा कि कार्यालय में किसी भी तरह की अनियमिततायें बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी काम पारदर्शिता और नियमानुसार करने के निर्देश दिये। इस दौरान एआरटीओ पूजा नयाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचाीर मौजूद रहे।

**नाबालिग सेरेप...**टीम ने विगत सायं आरोपी अंकित तिवारी को को ग्राम राय थाना अलीगंज जिला एटा उ0प्र0 से गिरफ्तार किया कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इन्द्र सिंह ढैला, हैड कांस्टेबल नरेन्द्र यादव, कांस्टेबल राजेन्द्र गिरी आदि शामिल थे।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Rohit (पुराना नाम)से बदलकर Rohit Kumar (नया नाम)कर लिया है। भविष्य में मुझे Rohit Kumar S/o Veer Singh के नाम से जाना व पहचाना जाए।

निवासी-वार्ड 5,खेड़ा, रूद्रपुर, जिला -उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड, 263153

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Zarif Ahmad से बदलकर Jareef Ahmad कर लिया है। भविष्य में मुझे Jareef Ahmad S/o Ameer Ahmad malik के नाम से जाना पहचाना जाये। वर्तमान पता-ग्राम मलसी, पो0 बिगवाड़ा, तह0 रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अवैध भवनों को तोड़ने आया बुलडोजर बैरंग लौटाया

## कमिश्नर ने दिये अवैध भवन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में लाईन नम्बर-8 व 12 वनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने गई टीम को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। टीम आंशिक निर्माण तोड़ने के बाद लौट गईं। एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि अगल बगल मकानों के खतरे को देखते हुए कार्यवाही रोक दी है। निर्माणकर्ता पर सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जे तथा बेसमेंट से निकले खनिज की चोरी पर अवैध रूप से बन रहे भवन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकार मनीष कुमार, नगर में हुए सीमांकन के साथ कई समीकरण बदल जाएंगे। इस मामले में अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सात फरवरी को प्रस्तावित है। वहीं, प्रशासन, नगर निगम व रेलवे की ओर से सीमांकन की कार्रवाई सोमवार को इंदिरानगर ठोकर से हुई। बनभूलपुरा के रहने वाले हाजी अब्दुल मलिक ने डीएम की अध्यक्षता में



खुद ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करेंगे। इससे पहले सोमवार सायं आयुक्त दीपक रावत एवं आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने बनभूलपुरा लाईन नम्बर 8 व 12 में अवैध रूप से बनाये जा रहे भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां रावत ने बिना नक्शे पास कराये बनाये जा रहे दो भवनों को मौके पर ही ध्वस्तीकरण के आदेश भी दिये। आयुक्त ने नगर निगम तथा प्राधिकरण के अधिकारियों के स्पष्टीकरण के आदेश भी मौके पर दिये। उन्होंने कहा नगर निगम एवं प्राधिकरण के अधिकारियों की संलिप्तता पाये जाने स्वास्थ्य अधिकारी मनोज काण्डपाल के साथ ही विद्युत, पुलिस महकमे के अधिकारी उपस्थित थे। वहीं दूसरी तरफ हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अतिक्रमण को लेकर दोबारा सीमांकन शुरू हो गया है। इस बार प्रशासन, नगर निगम व रेलवे तीनों के नक्शों का मिलान कर सालों पुरानी रेलवे लाइन से सीमांकन कर रहा है। पहले सीमांकन वर्ष 2017 में नई रेलवे लाइन से हुआ था। इस आधार पर अतिक्रमण के जद में 4346 भवन आ रहे थे। पुरानी रेल लाइन से सीमांकन होने पर कई लोगों को राहत मिल सकती है। पूर्व शनिवार को हुई बैठक में नक्शे पेश किए थे। उनका दावा है कि वर्ष 1935 से 1942 के बीच गौला नदी में भयंकर बाढ़ आई थी। बाद में ट्रैक को 150 मीटर वर्तमान लाइन की ओर शिफ्ट कर दिया था। वर्ष 2017 में रेलवे, प्रशासन व निगम ने सीमांकन नई रेलवे लाइन से कर दिया। पहले 29 और बाद में रेलवे ने 78 एकड़ जमीन पर कब्जे की बात कही थी। मलिक की ओर से पेश नक्शे में पुरानी रेलवे लाइन भी दर्ज है। अब प्रशासन, रेलवे व निगम तीनों इसी रेलवे लाइन को ढूंढने में लगे हैं।




## नगर आयुक्त की तहरीर पर पांच नामजद एवं 200 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लाइन नंबर आठ आजाद नगर में बीते दिवस सोमवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत एवं आईजी नीलेश आनंद भरणे के संयुक्त निरीक्षण के दौरान बनभूलपूरा के लाइन नंबर 8 और 12 में भवनों के अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये थे। प्रशासन द्वारा कार्यवाही के दौरान राजकीय कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ अब सख्त एक्शन लिया गया है थाना बनभूलपुरा में नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी की तहरीर पर पांच नामजद एवं 200 अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है इसमें आपको बताते चलें नैनीताल प्राधिकरण ने अवैध निर्माण मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए हैं।नगर आयुक्त द्वारा सौंपी गयी तहरीर में सफाई कर्मचारी चतुर सिंह की सूचना के अनुसार अवगत कराया गया उनके द्वारा मनोज कांडपाल वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सुनील हरेन्द्र चालक राहुल सफाई कर्मी आदि के साथ नजूल भूमि पर अवैध निर्माण रोकने के लिए बनभूलपुरा में गया।लाईन नम्बर 8 बिलाली मस्जिद के पास सरकारी भूमि पर बेसमेन्ट सहित अवैध निर्माण किया जा रहा था जिससे प्राप्त आरबीएम खोद कर अवैध रूप से विक्रय किया गया खुर्द किये जाने तथा निर्माण किये जाने सम्बन्धी सूचना प्राप्त होने पर अतिक्रमण हटाने गए। इस दौरान नगर निगम की टीम स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वहां मौजूद मो. गुफरान अब्दुल वफा समेत लगभग 200 समर्थक द्वारा टीम का विरोध कर दिया। उनके द्वारा आराजकता का माहौल बनाया गया तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर विपक्षीगणों एवं उनके समर्थकों द्वारा मारपीट की गई एवं वाहन में तोडफोड किया गया। विपक्षीगणों एवं उनके द्वारा कार्य में बाधा डाली गई एवं राजकीय सम्पत्ति को नुकसान किया गया। पुलिस ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय की तहरीर के आधार पर राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर हाजी मोहम्मद इरशाद, सरफराज अहमद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद गुफरान, अब्दुल वफा व 200 अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 147, 149, 186, 332, 336, 353, 379, 504, सार्वजनिक संम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 व 3 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# छात्राओं को कैरियर के लिए किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर तहसील गदरपुर में बालिकाओं हेतु कैरियर एंड गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समस्त बालिकाओं को उनके कैरियर के प्रति 'क्या सोच है' यह जानने के लिए बालिकाओं को पर्ची में अपने कैरियर के विषय में लिखकर ड्रॉप बॉक्स में भेजा गया ड्रॉप बॉक्स से प्राप्त जिज्ञासाओं को संजय सिंह विषय विशेषज्ञ काउंसलर मैनेजिंग डायरेक्टर मोनाड स्कूल द्वारा बालिकाओं को कैरियर के हर क्षेत्र की जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में श्रद्धा रानी विषय विशेषज्ञ काउंसलर प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय धीमरी खत्ता द्वारा छात्राओं को तीन ग्रुप में बांटकर कैरियर पर ब्रेनस्टॉर्मिंग ग्रुप डिस्कशन कैरियर टाक में प्रतिभाग कराया गया और अंतर्गत व्यवसायिक शिक्षा पर बल दिया गया और इस क्रम में एक युवा मूर्तिकार वरुण बाछाड़ निवासी ग्राम कोई व्यवसाय सीख कर जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भास्करानंद पांडे मार्गदर्शक, मंजू जोशी कार्यक्रम नोडल अधिकारी, सुशील कुमार त्रिपाठी प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक



पीपीटी के द्वारा कैरियर के क्षेत्र में कई नवीन जानकारियां देकर बालिकाओं को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत अभियान के जगदीशपुर जो कि वर्तमान में मातृभूमि इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र भी है द्वारा अपनी मूर्ति कला का प्रदर्शन कर छात्राओं को प्रेरित किया कि वह भी बीइओ गदरपुर, विशिष्ट अतिथि मधुसूदन मिश्र प्रधानाचार्य अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज दिनेशपुर, विजय शंकर सीआरसी जगदीशपुर विद्यालय जगदीशपुर कार्यक्रम संयोजक, राजेंद्र सिंह व्यवस्थापक/संचालक, धर्मवीर सिंह एवं हिमांशु जोशी कार्यक्रम में व्यवस्थाओं की भूमिका में रहे सभी वक्ताओं द्वारा छात्राओं को कैरियर के प्रति मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा मीडिया कर्मियों को भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान समस्त छात्राओं द्वारा कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों को नोट कर विषय विशेषज्ञों से प्रश्न भी किए स प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी द्वारा समस्त आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए तथा प्रतिभागी छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए ।कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष रेशमा, पीटीए अध्यक्ष विशुका, जयप्रकाश, शोभा रानी, राज कुमार जोशी, शशि सचान, अमिता मेहरा, नीरा देवी, बबिता गुप्ता , होरी लाल के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# मीरी पीरी खालसा एकेडमी के बच्चों ने स्पोर्ट्स क्लस्टर में दिखाया दम

गदरपुर(उद संवाददाता)। सीबीएसई की 19 वीं क्लस्टर 2023 प्रतियोगिता जोकि लारेंस एकेडमी गुलावठी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई थी , प्रतियोगिता में 800 मीटर रेस में स्वर्ण पदक, हरमन सिंह अंडर 14 ग्रुप के 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक, रिले रेस 400गुणा 400 अंडर17 ग्रुप में बलजीत सिंह ,लवजीत सिंह, चरणजीत सिंह, लवलीन सिंह एवं मेडल, अंडर-17 ग्रुप के 200 मीटर रेस में लवजीत सिंह ने सिल्वर मेडल तथा चरणजीत सिंह ने 400 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 ग्रुप के रिले रेस 400गुणा100 में प्रभजोत सिंह



लगभग 300 से अधिक स्कूलों के 4000 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा के अंडर-17 ग्रुप के चरणजीत सिंह ने गुरु जोबन सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए स इसके अलावा एकेडमी के अंडर 14 ग्रुप के 800 मीटर रेस में हरप्रीत सिंह ने द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर ,लवजीत सिंह, चरणजीत सिंह ,मनकेश सिंह एवं अमृतपाल सिंह ने द्वितीय स्थान पर रहकर 1-1 सिल्वर मेडल प्राप्त किया तृतीय स्थान पर अंडर 14 ग्रुप के 400 गुणा 100 रिले रेस में हरमन सिंह ,हरप्रीत सिंह, गुरनूर सिंह ,गुरलाभ सिंह, दलजीत सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किए स क्लस्टर प्रतियोगिता में मीरी पीरी अकैडमी के बच्चों द्वारा कुल 7 स्वर्ण 9 सिल्वर एवं 57 कांस्य पदक प्राप्त किए एकेडमी के चरणजीत सिंह, बलजीत सिंह, गुरलवलीन सिंह, लवजीत सिंह ,मनकेश सिंह ,हरमन सिंह, हरप्रीत सिंह एवं दलजीत सिंह का सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जो कि वाराणसी में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के मैनेजर डॉ.अमर सिंह, प्रधानाचार्य मनदीप कौर तथा कोच दलजीत सिंह ,जितेंद्र कौर, बलजिंदर कौर, मखछिंदर सिंह रघुवीर सिंह ने सफल बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों ने विद्युत विभाग के जेई को बताई समस्याएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली घर गदरपुर मैं विद्युत विभाग के जेई मेहताब अली से किसानों को बिजली संबंधित परेशानियां होने पर



वार्ता की। किसानों को होने वाली समस्या के बारे में जेई मेहताब अली ने आश्वासन दिया कि उनके विभाग द्वारा कोई भी दिक्कत होती है, उसके लिए किसानों का पूरा सहयोग करेंगे घ्स इस दौरान किसान मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा बिजली विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें सुमित हुडिया ,राजू हुडिया, जसवीर सिंह चीमा तथा रामपाल सैनी इत्यादि किसान उपस्थित रहे।